● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 98, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 15 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



करीब 18 लाख घर बनाने का संकल्प पूरा हुआ : शिवराज 5

अर्शदीप सिंह का टेस्ट डेब्यू तय! 6

## मप्र अब बनेगा मेट्रो और रेल निर्माण का नया हब

### पीएम मोदी के नेतृत्व में रेलवे आधुनिकीकरण का हुआ है अद्भुत कार्य : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है। अलग-अलग कम्पनियों ने इस क्षेत्र में जो कार्य किया है वह मेड इन इंडिया का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। देश में मेट्रो और वन्देभारत जैसी आधुनिक रेल के विभिन्न उपकरणों का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल, मध्यप्रदेश में रोलिंग स्टॉफ और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से मध्यप्रदेश के संबंध प्रगाढ़ होंगे। हम अनेक कार्यों में परस्पर विकास के नये रास्ते खालेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को बेंगलूरू में बीईएमएल कार्यशाला के भ्रमण के दौरान यह बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बेंगलुरू स्थित बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र से 2100वें मेट्रो कोच को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन जिले के उमरिया क्षेत्र में बीईएमएल की नई रोलिंग स्टॉक विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र कंपनी के चेयरमेन और एमडी श्री शांतनु रॉय को सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह क्षण मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण है। बीईएमएल में निर्मित 2100वें मेट्रो कोच का शुभारंभ भारत की उन्नत निर्माण क्षमता, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और स्वदेशी तकनीक के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन के रायसेन में बीईएमएल की इकाई स्थापना को एक अभूतपूर्व कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा। साथ ही युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। रायसेन में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना प्रदेश के समावेशी एवं सतत् विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम और बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन ने इस इकाई के लिए कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। प्रस्तावित इकाई मुख्य रेल एवं नगरीय परिवहन परियोजनाओं के लिए रोलिंग स्टॉक और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। इससे प्रदेश और देश के अन्य भागों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर सशक्त होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए, बीईएमएल के चेयरमेन और एमडी श्री शांतनु रॉय ने कहा कि बीईएमएल उनके विश्वास पर खरी उतरेगी। रायसेन में हमारी इकाई का विस्तार भारत के नगरीय रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और गतिशीलता एवं सशक्त बनाएगा। 2100वें मेट्रो कोच का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि हमारे सहयोगी संस्थानों ने बीईएमएल पर निरंतर विश्वास जताया है। यह उपलब्धि हमारे नवाचार, स्वदेशीकरण एवं गुणवत्ता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साथ ही देश की औद्योगिक उन्नति एवं रोजगार सृजन में हमारी भूमिका को सुदृढ़ करती है। भारत की अग्रणी रेल निर्माण कंपनी बीईएमएल भोपाल में एक अत्याधुनिक निर्माण इकाई स्थापित कर रही है। यह ऐतिहासिक पहल रेल तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति का प्रतीक है और विशेष रूप से शहरी परिवहन के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में रोलिंग स्टॉक और मेट्रो कोच की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रपति से मिले तीनों सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारत की तरफ से पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश की शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जानकारी दी। जहां मुख्य रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन की प्रगति और उपलब्धियों से अवगत कराया।



उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कैबिनेट समिति सुरक्षा (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। बैठक में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक भी हुई।

तीनों सेना प्रमुख और राष्ट्रपति मुर्मू की मुलाकात की जानकारी राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर के दी। राष्ट्रपति भवन ने लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति मुर्मू को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान और आतंक के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई को सफल और सटीक बनाने के लिए सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की। गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

## 2026 तक कर देंगे नक्सलवाद का सफाया : डीजी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह ने नक्सलवाद के पूरी तरह से खात्मे की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। साख बी उन्होंने 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे की बात पर जोर देते हुए एलान किया है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देने का लक्ष्य तय किया गया है।



बता दें कि नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान 2014 में शुरू हुआ था, लेकिन 2019 के बाद इसे और तेज और केंद्रित किया गया है। केंद्र और राज्य की पुलिस एक साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया किया जा सके। इसको लेकर जीपी सिंह ने कहा कि हम पूरी मजबूती और सख्ती से नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीआरपीएफ प्रमुख ने आगे आकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में जहां 35 जिले सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर सिर्फ 6 रह गई है। उन्होंने कहा कि कुल नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2014 में 126 थी, जो अब घटकर 18 रह गई है। इसके साथ ही जीपी सिंह ने ये भी कहा कि 2014 में नक्सली हिंसा की 1,080 घटनाएं हुई थीं, जबकि 2024 में यह घटकर 374 रह गई। गौरतलब है कि 2014 में 287 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए थे, जबकि 2024 में यह संख्या घटकर 19 हो गई। वहीं 2014 से अब तक 2,089 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही 2024 में 928 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। 2025 में अब तक 718 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

## न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बने भारत के नए प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) का पद संभाल लिया। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण कराई। सीजेआई बीआर गवई ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जस्टिस गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली, जो बीते दिन ही सेवानिवृत्त हुए थे।

## अश्विनी वैष्णव ने की ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

### कहा- यह भारत की अस्मिता का महत्वपूर्ण उदाहरण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह भारत की अस्मिता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में शानदार भूमिका निभाकर मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का सैन्य जवाब न केवल देश की सामरिक क्षमता का प्रमाण है। यह केंद्र की ओर से लागू किए गए नए रक्षा सिद्धांत को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि



ऑपरेशन सिंदूर भारत की अस्मिता, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और निर्णायक नेतृत्व का एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह देश का एक सराहनीय विकास है।

इससे पहले अपने ब्लॉग में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑपरेशन सिंदूर में पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति का सटीक उदाहरण है। पहलगाम में नरसंहार सिर्फ निर्दोष लोगों पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर हमला था। जवाब में भारत ने आतंकवाद-रोधी नियम पुस्तिका को फिर से लिखने का फैसला किया। ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शून्य-सहिष्णुता, कोई समझौता नहीं करने की नीति, पीएम मोदी के सिद्धांत की स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

## 21 दिन बाद भारत लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा के रास्ते 23 अप्रैल को पकड़े गए बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को भारत को सौंप दिया। कॉन्स्टेबल को पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10:30 बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार की गई। दरअसल, पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) को गलती से पार करने के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान को पकड़ लिया था।

## ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा हमारा भार्गवास्त्र

### गोपालपुर फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण


**नई दिल्ली।** ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने भार्गवास्त्र विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया।

## आकाशतीर बना दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों का काल

**नई दिल्ली।** वायु रक्षा प्रणाली आकाशतीर ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के दौरान अपनी क्षमता साबित कर दी है। दुश्मन के ड्रोन ने जैसे ही भारत की हवाई सीमा में घुसने का प्रयास किया, इस वायु रक्षा प्रणाली ने उसको तुरंत नष्ट कर दिया। इसने पाकिस्तान के लिए भारत की हवाई सीमा में घुसना नामुमकिन बना दिया।

आकाशतीर को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और तैयार किया है। यह वायु रक्षा प्रणाली स्वचालित (ऑटोमैटिक) है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित है। पाकिस्तान के साथ तनाव के दौरान इस प्रणाली ने ड्रोन, मिसाइलों, छोटे मानव रहित विमान (यूएवी) और लॉइटरिंग म्यूनिशन (भटकते बम) को रोक दिया, जिससे यह एक वैश्विक स्तर की रक्षा प्रणाली बन गई है।



बीईएल ने बुधवार को कहा कि असली जंग के हालात में यह प्रणाली उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रही है और हालिया तनाव के दौरान इसने भारत की वायु रक्षा प्रणाली को काफी मजबूत किया है। बीईएल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बीईएल को गर्व है कि हमारी इन-हाउस डिजाइन और तैयार की गई आकाशतीर वायु प्रणाली ने युद्ध क्षेत्र में अपनी ताकत साबित की है। जमीन पर मौजूद रक्षा प्रणाली को इससे जोड़ा गया और इसने पाकिस्तान की हवाई चालों के लिए हालात बहुत मुश्किल बना दिए। इसने आगे कहा, इस प्रणाली ने उम्मीदों से भी बेहतर काम किया है। इसने हालिया संघर्ष के दौरान भारत को मजबूत हवाई सुरक्षा दी। आकाशतीर सेना के लिए एक स्पष्ट हवाई स्थिति की तस्वीर देता है, जिसे नीचे तक की ऑपरेशनल यूनिट भी देख सकती हैं। इससे हर कोई हालात को बेहतर समझ पाता है और सही फैसला ले पाता है। इस प्रणाली को मार्च 2023 में हस्ताक्षरित 1,982 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत विकसित किया गया। आकाशतीर प्रणाली निगरानी करने वाले उपकरणों, रडार और कमान यूनिट को एक नेटवर्क में जोड़ता है और भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों को लगातार जानकारी देता है।

## सीजफायर पर आप ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनी। सीजफायर की घोषणा के बाद मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्ष लगातार सीजफायर को लेकर भाजपा सरकार को घेरने में लगा है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर कड़े सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं ने ओखला में मोदी फ्लोर मिल्स के पास फुटओवर ब्रिज पर प्रदर्शन किया। बैनर लेकर आप कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। बैनर पर लिखा है, पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश को धोखा।


रविवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की। यह भारत की संप्रभुता पर कड़ा प्रहार है, जबकि भारतीय सेना के पास पीओके को कब्जाने और बलूचिस्तान को अलग करने का बड़ा अवसर था।

## शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। 13 मई को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की थी। सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। ऑपरेशन में आज भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। सीमा पर गोलाबारी थमते ही सुरक्षाबलों ने घर में छिपे बैठे आतंकियों का सफाया शुरू कर दिया है।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

### मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है।

## भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है तिरंगा : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है।

आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते



हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए, बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम योगी ने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे। देशभक्ति के जयघोष के बीच बच्चों ने 2000 फीट लंबा तिरंगा का प्रदर्शन किया।

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई।

# भीषण गर्मी से परेशान हो रहे मरीज

## वार्डो में लगाए गए पंखा, कूलर दे रहे गर्म हवा, मरीजों के साथ परिजन भी हो रहे परेशान

### जिला अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था सुधारने में नही ले रहा रूचि



**सिंगरौली।** जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से परेशान हो रहे हैं। पिछले कई बार मरीजों ने वार्ड में एसी लगाए जाने की मांग की है लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब स्थिति यह है कि वार्ड में लगाए गए कूलर में पानी नहीं भरने के कारण गर्म हवा दे रहे हैं। जिससे भर्ती मरीज परेशान हो रहे हैं। बीते शनिवार की शाम मरीजों के परिजन गर्मी से हो रही समस्या को लेकर चिकित्सकों को अवगत कराया है। बताया कि वार्ड में दिन गुजारना मुश्किल हो रहा है। रात तो वार्ड स्थित गलियारे में घूमकर कट रही है। भीषण गर्मी से मरीजों की सेहत और बिगड़ रही है। जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के तीसरी मंजिल पर स्थित मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को तापमान 41 डिग्री पार रहा। पहले से बीमार मरीजों को गर्मी बेचैन कर रही है। एसी में बैठे अफसरों को उन मरीजों के सेहत की चिंता नहीं हो रही है। जो पहले से बीमार होकर वार्ड में गर्मी की मार झेल रहे हैं। सर्जिकल और आर्थोपेडिक वार्ड में कूलर लगाया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं है। ऐसे में यह कहना मुश्किल हो रहा है कि भर्ती मरीजों के सेहत में सुधार होगा।

### गर्म हवा उगल रहे कूलर व पंखा

वार्ड में भर्ती बच्चों को भी गर्मी से समस्या हो रही है। स्थिति यह है कि परिजन वार्ड से बाहर टहलते रहते हैं। एक तो बीमार, दूसरे गर्मी की मार से छोटे बच्चों की सेहत और बिगड़ रही है। वार्ड में कूलर और पंखे तो लगे हैं लेकिन कूलर में पानी नहीं भरा जा रहा है। जिससे पंखा व कूलर गर्म हवा उगल रहे हैं।

### ग्रामीण अस्पतालों में भी बनी है समस्या

जिले के ग्रामीण अंचलों में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी यह समस्या बनी हुई है। यहां प्रसव कराए जा रहे हैं। गर्मी से वार्ड धधक रहे हैं। एसी केवल चिकित्सकों के चेंबर में लगा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्रों में वार्ड में भर्ती मरीजों को पंखा तक नसीब नहीं हो रहा है। इस गंभीर समस्या की ओर जिला अस्पताल प्रबंधक एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

### गर्मी के चलते मरीज के साथ बढ़ी मुसीबत

तापमान में बढ़ोतरी के चलते वर्तमान में मरीजों की संख्या में काफी अधिक इजाफा हो गया है। हर रोज 500 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। ऐसे में पर्ची काउंटर से लेकर चिकित्सक के चेंबर तक मरीजों की भारी भीड़ जमा हो रही है। पर्ची और दवा काउंटर पर लाइन लगने के चलते स्थिति थोड़ी सामान्य है, लेकिन चिकित्सक के चेंबर में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है।

# क्रीड़ा भारती की बैठक संपन्न

## खेल विशेषज्ञों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**सिंगरौली।** आज स्थानीय विश्रामगृह में जिले के खेल विशेषज्ञों, पूर्व खिलाड़ियों खेल प्रशिक्षकों तथा खेल आयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रांत अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह प्रांत मंत्री डॉ राकेश त्रिपाठी विभाग संयोजक मुखचैन शुक्ला तथा राज सिंह सहमंत्री सतना की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रांत मंत्री द्वारा क्रीड़ा भारती के संगठनात्मक स्वरूप एवं क्रियाकलापों के संबंध में चर्चा की गई। अध्यक्ष ने वर्तमान समय में प्रांत एवं अखिल भारतीय स्तर पर संचालित गतिविधियों तथा आगामी योजनाओ को सबसे साझा किया। इस बैठक में जिले में क्रीड़ा भारती की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय तथा प्रभावी बनाने के लिए, आम सहमति के आधार पर जिले के खेल विशेषज्ञों को विभिन्न संगठनात्मक दायित्व सौंपे गये। जिसमे पवन कुमार शाह एवं गणेश सिंह संरक्षक, डॉ विनोद कुमार राय जिला संयोजक, लाल बहादुर सिंह जिला सह संयोजक,पंकज सिंह जिला अध्यक्ष, राकेश सिंह चंदेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीतेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, संजय शाह मंत्री, भोला प्रसाद वर्मा सहमंत्री, लवकुश तिवारी युवा प्रमुख, संतोष शाह योगा प्रमुख, सतेंद्र सिंह क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख, शिवेंद्र सिंह सह क्रीड़ा केंद्र प्रमुख के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

### रोजगार मेले का आयोजन 20 मई को

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मप्र शासन के निर्देशानुसार युवा संगम रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एव आईटीआई सिंगरौली के संयुक्त रूप से 20 मई को सुबह 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर बैढन सिंगरौली में आयोजित किया जा रहा है।

# कक्षा-12वीं में आयुष एवं 10वीं में संजय ने स्कूल में किया टॉप

### राजीव गांधी स्कूल कक्षा 12वीं के 85 व कक्षा 10वीं 82.8 प्रतिशत रहा



**सिंगरौली।** सीबीएसई के द्वारा मंगलवार को कक्षा 12वीं व कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जहां राजीव गांधी इंटरनेशनल स्कूल पड़ैनिया का परीक्षा परिणाम कक्षा 12 वीं का 85 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं का 82.8 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के संचालक सुनील सिंह ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बताते चले कि कक्षा 12 वी के घोषित परीक्षा परिणाम में अलग-अलग विषय संकायों में आयुष सिंह 85 प्रतिशत,शशांक दुबे 83 प्रतिशत व शोभा का 75 प्रतिशत रहा है। वहीं 10वीं में संजय वर्मा 82.8 प्रतिशत,दीपिका पाण्डेय 80.6 प्रतिशत व सत्यवती प्रजापति 75.4 प्रतिशत रहा है।

### मझौली में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 14 मई बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में समस्त शासकीय विभागों के स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया। शिक्षा विभाग द्वारा 15 यूनिट, जनपद पंचायत 3 यूनिट, खाद्य विभाग 1 यूनिट, तहसील कार्यालय से 1 यूनिट, जल निगम से 1 यूनिट एवं 2 यूनिट अन्य गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कुल 23 यूनिट रक्तदान का संग्रह किया गया। जिला प्रशासन ने सभी जनता जनार्दन से अपील किया है कि आगामी दिनों में जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्रमश: वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोग रक्तदान कराए।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों के समर्पण को किया गया नमन

## एनटीपीसी के विंध्य चिकित्सालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**सिंगरौली।** विंध्य अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया, जो फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। यह दिवस नर्सों के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने का प्रतीक है। इस अवसर पर विंध्य अस्पताल की समर्पित और संवेदनशील नर्सिंग स्टाफ के प्रति गहरी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया।

इस आयोजन में ई. सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजशेखर पाला, महाप्रबंधक प्रचालन, एजे राजकुमार महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रतिमा महेन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ईंचार्ज एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ विंध्य अस्पताल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ई. सत्य फणि कुमार ने सभी नर्सों को हार्दिक बधाई दी और रोगी सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री 16 को सिंगरौली आयेंगे



**सिंगरौली।** प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास का सिंगरौली जिले में आगमन 16 मई को होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल जिले में विभिन्न कार्यक्रमों शिरकत करेंगे। सर्वप्रथम कंचन नदी उद्गम स्थल ग्राम पिपरवा, ग्राम पंचायत तेंदुहा कंचन उद्गम स्थल का निरीक्षण कर पूजा अर्चना, श्रमदान साफ - सफाई के साथ साथ स्थानीय निवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में संवाद भी करेंगे। तत्पश्चात ग्राम पंचायत गढ़हरा में जल संरचना का निरीक्षण एवं मेरी नदी मेरी वाटिका समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों से संवाद करेंगे। कैबिनेट मंत्री उक्त कार्यक्रम के बाद राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में आयोजित पांच सरपंच सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। तथा आजीविका समूह के उत्पादों,स्टालों का अवलोकन भी करेंगे ।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर की अध्यक्षता में जिला सीधी में बुधवार दिनांक 14.05.2025 को नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत नगर पालिका सीमा के अंदर निर्माणाधीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, श्री मृदुल लटौरिया तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर द्वारा द्वारा उपस्थित श्रमिकों को उनके अधिकार, नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, श्रमिकों से संबंधित कानूनी सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया। इसके साथ ही श्रमिको के संवैधानिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई-श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा म.प्र.असंगठित (ग्रामीण एवं शहरी) कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव ने श्रमिकों को सुरक्षा मापदंड के बारे में अवगत कराया साथ ही श्रमिकों को पारिश्रमिक का भुगतान समय पर किये जाने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने उपस्थित श्रमिकों को नालसा नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015 के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही श्री शिवहरे द्वारा श्रमिकों से समय पर शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में पूछ-ताछ की। श्री शिवहरे ने नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, नालसा पोर्टल, लोकोपयोगी लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता, आगामी दिनांक 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# बस स्टैंड सीधी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन


**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी सीधी श्री मनीष कौशिक द्वारा बुधवार दिनांक 14.05.2025 को बस स्टैण्ड के पास विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में श्री कौशिक द्वारा आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐ) योजना, 2015, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, नालसा एसिड अटैक के लिए विधिक सहायता योजना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना के बारे जानकारी दी साथ ही आम जनता एवं यात्रीगण को को पैम्फ्लेट वितरण कर जागरूक किया गया।

### लेबर चौक में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा बुधवार दिनांक 14.05.2025 को लेबर चौक में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सेवाएं, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐ) योजना, 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएं, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक साक्षरता शिविर), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

# एसडीओपी मनीष त्रिपाठी को मातृ शोक



**सिंगरौली।** जिले समेत जबलपुर बालाघाट के कई थानों में थाना प्रभारी रह चुके व वर्तमान में बतौर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जबलपुर में सेवा दे रहे मनीष त्रिपाठी की माता मिथिलेश त्रिपाठी का 70 वर्ष की आयु में आज बुधवार निधन हो गया। उन्होंने सुबह 11 बजे मेडिकल कालेज रीवा में अपनी अंतिम सांसें लीं। वे कुछ दिनो से बिमार चल रही थी। जिस कारण उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज रीवा में भर्ती कराया गया था। उनके निधन की जानकारी मिलते ही लोगो में शोक की लहर दौड़ गयी। पुलिस विभाग के कई आला अधिकारी समेत पुलिसकर्मी व आम जन उन्हें फोन कर सांत्वना देते रहे। माता के निधन की जानकारी मिलते ही मनीष त्रिपाठी जबलपुर से रीवा पहुँच गए। जानकारी अनुसार कल सुबह 8 बजे रीवा में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर मोरवा में दिवंगत आत्मा की शांति एवं इस दुख की घड़ी में परिवार जनो को सबल प्रदान करने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।


# पार्षदों ने की कचरा संग्रहण और सफाई कर्मियों की ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग

## सफाई व्यवस्था सुधारने कमिश्नर फेल ! ईओडब्ल्यू को लिखेंगे पत्र या फाइलों में दम तोड़ देगी शिकायत

**सिंगरौली**

शहर में साफ.-सफाई के नाम पर घोटाला होने का आरोप पार्षद परिषद में आरोप लगाते रहे हैं। अब पार्षद प्रेमसागर मिश्रा सहित आधा दर्जन पार्षदों ने आरोप लगाया है कि कई बार साफ -सफाई,सफपाई कर्मचारी की ड्यूटी और कचरा वाहन उपलब्ध कराने के लिए आयुक्त से कहां गया लेकिन स्थिति जस की तस है। ऐसे में अब पार्षदों ने सफाई से जुड़े मामलों के लिए ईओडब्ल्यू से जांच कराने आयुक्त पत्र लिखा है।

गौरतलब है परिषद बैठक में सिटाडेल कंपनी और सफाई कर्मचारियों को लेकर पार्षद नगर सरकार को घेरते आ रहे हैं लेकिन पार्षदों को जांच के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला। नेता प्रतिपक्ष बंतो कौर, पार्षद प्रेमसागर मिश्रा, शेखर सिंह, परमेश्वर पटेल ने आरोप लगाया था कि सफाई कर्मचारियों के नाम पर एक दिन नहीं बल्कि रोज घोटाला होता है। नगर सरकार से लेकर अधिकारी और ठेकेदार सभी सरकारी खजाने में डाका डालते हैं। परिषद में कमिश्नर भी स्वच्छता नोडल अधिकारी बनाने को लेकर अपनी मजबूरियां गिनाई थी और असहाय नजर आए थे। यही वजह है कि अब आधा दर्जन पार्षदों ने सफाई से जुड़े सभी मामलों की उच्च स्तरीय ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग की है। अब चर्चा है कि क्या कमिश्नर डीके शर्मा



ईओडब्ल्यू से जांच करने के लिए पत्र लिखेंगे या फिर शिकायती पत्र फाइलों के नीचे ही दम तोड़ देगी।

### सफाई पर प्रतिमाह करोड़ों खर्च, धरातल पर गंदगी

पार्षदों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम साफ सफाईए कचरा संग्रहण, निस्तारण, दवा छिड़काव के लिए, कई संविदा अनुबंध किए हैं, जिसके नाम पर प्रतिमाह करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। जिसका भुगतान कमिश्नर के द्वारा ही किया जाता है। बावजूद इसके शहर में हर जगहए चौक-चौराहों,बाजार, गलीमुहल्ला, सड़क, नालियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही कई महीनों से कई बार कमिश्नर से पत्राचार एवं मौखिक शिकायत भी की जाती है। लेकिन वार्डों में नियमित रूप से ना तो कचरा वाहन और ना ही सफाई कर्मी नियमित रूप से आ रहें। जिससे आमजन को वार्ड में समस्या हो रहा है।

### सफाई व्यवस्था सुधारने कमिश्नर फेल !

पार्षदों ने आरोप लगाया है कि नालियां कचरे से बजबजा रही है। जहां मच्छरों के प्रकोप से आमजन बेहाल हैं। वार्डों मे नियमित सफाई कर्मचारी,कचरा वाहन व दवा का छिड़काव लंबे समय से नहीं हुआ है। चर्चा है कि शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने में आयुक्त फेल नजर आ रहे हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि संविदाकार सफाई करने में जानबूझकर टाल-मटोल करता रहा है। संविदाकार बिना कार्य किये अधिकारियों से साठं गांठ कर भुगतान ले ले रहा है। ऐसे में पार्षदों ने सरकारी राशि के दुरुपयोग को रोकने के लिए उच्च स्तरीय लोकायुक्त से जाँच कराए जाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री 180 करोड़ के विकास एवं निर्माण कार्यों की देंगे सौगात

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 मई को एक दिवसीय प्रवास पर सीधी जिले के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री सीधी खुर्द और मझौली में आयोजित कार्यक्रम में सीधी जिले को 180.24 करोड़ रुपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सीधी खुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 9252.9 लाख रूपये लागत के 63 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 1940.43 लाख रूपये लागत के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में 2020.94 लाख रूपये लागत के म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 16 कार्यों का, 4963 लाख रूपये लागत के नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग के 9 कार्यों का, 598.61 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 3 कार्यों का, 1260.82 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवनध्सड़क के 3 कार्यों का, 83.10 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 6 कार्यों का, 246.23 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 20 कार्यों का एवं 80.20 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 6 कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा।

इसी प्रकार 1527.06 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 6 विकास कार्यों का, 69.50 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवनध्सड़क के 7 विकास कार्यों का, 33.41 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 1 विकास कार्यों का तथा 310.46 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 7 कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।

मझौली में आयोजित कार्यक्रम में 6124.8 लाख रूपये लागत के 37 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं 706.59 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा। 2866.91 लाख रूपये लागत के म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 8 विकास कार्यों का, 1594.86 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 2 विकास कार्यों का, 1256.09 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवनध्सड़क के 4 विकास कार्यों का, 315.64 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 19 विकास कार्यों का, 26.30 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 3 विकास कार्यों का एवं 65 लाख रूपये लागत के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 1 विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। इसी प्रकार 505.51 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 3 विकास कार्यों का, 9.97 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवनध्सड़के के 1 विकास कार्यों का एवं 191.11 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 2 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।

## गेहूं उपार्जन तिथि बढ़ाने किसान कर रहे मांग: जय

**सीधी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह चौहान राजू ने जारी एक बयान में कहा है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों ने उपार्जन की तिथि बढ़ाने के लिए आज सीधी दौरे पर आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है। ऐसे किसान जिन्होंने ई पंजीयन कराया है लेकिन समय पर फसल की गहाई नहीं कर पाए जिसकी वजह से वे खरीदी केंद्रों तक अपनी गेहूं की फसल नहीं पहुंचा पाए हैं ऐसी स्थिति में यदि एक बार पुन: से उपार्जन की तिथि बढ़ा दी जाए तो उन किसानों को भी शासन द्वारा निर्धारित दर पर गेहूं की खरीदी हो सकेगी जिससे उन्हें लाभ पहुंचेगा। शासन द्वारा निर्धारित तिथि 5 मई के पश्चात उपार्जन केन्द्रों का पोर्टल बंद कर दिया गया है। अत: किसानों द्वारा निवेदन पूर्वक मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए किसानों की समस्या का समाधान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाय।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे सीधी

### सीधी खुर्द में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना राशि अंतरण तथा हितग्राही सम्मेलन में होंगे सम्मिलित

### मझौली में जनजातीय सम्मेलन में करेंगे सहभागिता



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 मई को एक दिवसीय प्रवास पर सीधी जिले के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 12.35 बजे दिव्यगवां जिला रीवा से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12.55 बजे हेलीपैड सीधी पहुंचेंगे। सीधीखुर्द में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री जी सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को राशि अंतरण तथा बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग राशि का अंतरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 2.30 बजे हेलीकाप्टर से सीधी से प्रस्थान कर दोपहर 2.50 बजे हेलीपैड मझौली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मझौली में शासकीय महाविद्यालय मझौली के पास स्टेडियम में जनजातीय सम्मेलन पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे मझौली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.35 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से शाम 4.40 बजे वायुयान से प्रस्थान कर शाम 5.25 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम जारी

**सीधी।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल दिनांक 15.05.2025 को सुबह 9 बजे सीधी सर्किट हाउस आयेंगे तथा मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## कार्यक्रम स्थल में यूएव्ही ड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित किया जाकर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर माननीय मुख्यमंत्री के दिनांक 15.05.2025 को जिला सीधी अंतर्गत ग्राम सीधी खुर्द (मड़रिया बाईपास) तहसील गोपदबनास एवं शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली, तहसील मझौली में कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए उनके सुरक्षा मानकों के मापदण्डों एवं सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम स्थल सीधी खुर्द (मड़रिया बाईपास) तहसील गोपदबनास तथा शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली तहसील मझौली एवं हेलीपैड में किसी भी प्रकार से यूएव्हीड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित किया जाकर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यक्रम स्थल सीधी खुर्द (मड़रिया बाईपास) तहसील गोपदबनास तथा शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली, तहसील मझौली एवं हेलीपैड से चारों तरफ 05 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार से यूएव्हीड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित किया जाकर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन के कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

## जिला पंचायत में उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा आयोजित हुई कार्यशाला

**सीधी।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग जो मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम द्वारा जिला पंचायत सीधी में 14 मई 2025 को लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती श्रद्धा गोखले द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए रैम्प नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया गया जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के सीधी जिले में लीन मैनेजमेंट, जेड सर्टिफिकेशन एवं




आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ श्री मुश्ताक अली द्वारा जानकारी प्रदान की गई व लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी श्री नीतेश गुप्ता द्वारा लघु उद्योग भारती के कार्य का विवरण दिया गया व लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश व देश ने किया जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ये राष्ट्र का सबसे बड़ा अखिल राष्ट्रीय संगठन है जो लघु और माध्यम उद्योगों के लिए कार्य करता है।

एमएसएमई पॉलिसी मास्टर ट्रेनर श्री रविशंकर मिश्रा क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के जेड (जीरो डिफेक्ट एवं जीरो इफेक्ट) ट्रेनर श्री राजीव डालेला, म. प्र. लघु उद्योग निगम के कंसल्टेंट श्री मुश्ताक अली एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यशाला में बताया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है एवं इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुँचा सकते हैं।

लघु उद्योग भारती जो कि एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है उसके सहयोग से यह कार्यशाला में आयोजित की गई जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता रही। आभार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्रीमती श्रद्धा गोखले ने माना।

## लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया

**सीधी।** लिनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा देश की सुख, शांति एवं समृद्धि के उद्देश्य से एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु जनों ने भाग लेकर भगवान हनुमान जी की आराधना की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें



उपस्थित सभी भक्तजनों को प्रसाद रूपी भोजन कराया गया।

लिनेस कलब की अध्यक्ष डॉ बीना मिश्रा जी ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं और देश की सुख-समृद्धि की कामना हेतु यह एक प्रयास है। आयोजन की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## कर्नल सोफिया का अपमान देश की बेटियों और सेना का अपमान: मनोज

**सीधी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं कांग्रेस पार्टी के असम के सह प्रभारी मनोज चौहान ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए अशोभनीय और नफरत भरे बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है।



चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री की घिनौनी मानसिकता से भरे, मऊ में सार्वजनिक मंच से दिए गए बयान में उन्होंने कर्नल सोफिया को आतंकवादियों की बहन और पाकिस्तानियों की बहन कहकर न केवल उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाई, बल्कि भारतीय सेना और देश की उन सभी बेटियों का अपमान किया है जो राष्ट्र सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहती हैं। विजय शाह का यह बयान केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं,बल्कि भारत की सैन्य गरिमा, राष्ट्रीय एकता और महिला सम्मान पर खुला प्रहार है।

उन्होंने कहा कि इसी मंत्री द्वारा अतीत में भी अपने पूर्व के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन पर ओछा मजाक किया गया था जिसका परिणाम था कि इसे मंत्रिमंडल से भगा दिया गया था, अब फिर से महिलाओं का प्रति इस तरह का बयान ये साबित करता है कि मंत्री विजय शाह की मानसिकता महिलाओं के प्रति बेहद घिनौनी और घृणित है।

मनोज चौहान ने आगे कहा कि आज सीधी जिले के दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव भी क्या महिलाओं के प्रति घृणित मानसिकता वाले अपने इस मंत्री को बर्खास्त करके केंद्र की भाजपा सरकार की राष्ट्र भक्ति पर सवालिया निशान खड़ा करने वाले को फिर से सबक सिखाएंगे ?

क्या भारत माता की जय कहने वाली पार्टी के लिए सेना का अपमान बर्दाश्त करने योग्य है? कर्नल सोफिया कुरैशी इस देश की शान हैं। उनका सम्मान हर भारतीय का सम्मान है और यदि इस पर आंच आती है,तो हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वो आवाज उठाए।

मनोज चौहान ने हाई कोर्ट द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए मंत्री विजय शाह के खिलाफ चार घंटे के अंदर एफआईआर करने के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने तो संज्ञान ले लिया परंतु देश पूछ रहा है कि विजय शाह को भाजपा ने अब तक बर्खास्त क्यों नहीं किया ? क्या भाजपा के लिए, सत्ता, नैतिकता और सम्मान से बड़ी है ?

## बाक्साइड एवं कैथल खदान के पानी से नष्ट हो रही कृषि भूमि

### खदान से हैवी मोटर पंपों के माध्यम से बाहर निकाला जाता है पानी

#### कलेक्टर की जन सुनवाई में किसान ने लगाई गुहार

**सीधी**

जिले के तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम नैकिन में संचालित बाक्साइड एवं कैथल खदान से अनवरत रूप से काफी मात्रा में आ रहे पानी से डेढ़ दर्जन किसानों की कृषि भूमि में खेती करना बंद हो गया है। करीब 6 वर्षों से किसान अपने खेतों में बोनी का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। नैकिन निवासी सतीश कुमार तिवारी तथा वेणीप्रसाद तिवारी द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई में 13 मई 2025 को आवेदन देकर कार्यवाही की गुहार लगाई गई। पीड़ित किसान ने कहा कि बाक्साइड एवं कैथल खदान मालिक कृष्णदास टीकाराम मेसर्स एवं पार्टनर अश्वनी गौतम द्वारा 120 एचपी मोटर एवं 50-50 एचपी के तीन-चार मोटर द्वारा खदान से पानी निकालकर उनके खेतों में फेंका जा रहा है। कारोबारी जहां बाक्साइड एवं कैथल निकालकर करोड़ों रुपए महीने कमा रहे हैं वहीं आसपास के किसान 6 वर्ष से दाने-दाने के लिए मोहताज हो चुके हैं। उनके खेतों में करीब 5 फिट पानी हमेशा



भरे रहने के कारण सरपट के जंगल तैयार हो गए हैं। जिला प्रशासन से 6 वर्ष की खेती के नुकसानी को दिलाने एवं खदान के पानी को खेतों में आने से बंद कराने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि यदि भूमि के नीचे पाइन डालकर जल निकासी की व्यवस्था बना दी जाए तो खेती-किसानी का कार्य हो सकता है। पीड़ित किसान सतीश कुमार तिवारी द्वारा इससे पूर्व कमिश्नर रीवा के यहां भी आवेदन देकर बाक्साइड एवं कैथल खदान नैकिन के संचालक के मनमानी की गुहार लगाई गई थी। वहां आवेदन देने के बाद भी उस पर कोई सार्थक कार्यवाही न होने के कारण कलेक्टर की जन सुनवाई में अभी आवेदन देकर कार्यवाही की गुहार लगाई गई।

## जिले के पांच कराते खिलाड़ी मप्र कराते चैंपियनशिप में होंगे सम्मिलित

**सीधी।** मध्य प्रदेश स्टेट कराते सब जूनियर जूनियर कराते चैंपियनशिप 2025 का आयोजन म.प्र. कराते स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजन 16 एवं 17 मई 2025 को इंदौर के बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम न्यू.पलासिया इन्दौर में कराते की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें सीधी जिले से मानस भवन के प्रांगण में कराटे विधा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों में से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है और यह सभी खिलाड़ी सचिव संध्या मिश्रा, बॉक्सिंग कराते कोच माखन मिश्रा के नेतृत्व में 15 जून को इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। कराते की



कुमिते फाइट के लिए चयनित खिलाड़ियों में विदित मिश्रा, आश्री सिंह माझी, श्लोक तिवारी, गौतमी तिवारी एवं एकाक्षर तिवारी का चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, कराते संघ के अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा, सीधी विधायक रीति पाठक, खेल युवा कल्याण विभाग भूपेश ठाकरे व योग्य सेन गुप्ता आर्मी रिटायर, श्रीमान पांडे, खेल विभाग समन्वयक जयवीर सिंह व राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी अजय मिश्रा, राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी विकाश शुक्ला व खेल विभाग मनिंद्र शेर अलीखान, सुभाष सिंह व रोहन सिंह, कोच प्रकाश प्रजापति, सुनील संजीव सोंधिया, मामून अंसारी ,सूरज जायसवाल, रोशन जायसवाल, रवि मिश्र, राजेंद्र केवट, शिवांशु सिंह, जीतू सिंह, मुकेश मिश्रा, विष्णु सिंह सेंगर ने सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 366 बंदियों का हुआ कुष्ठ परीक्षण

**सीधी।** जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जेल कारागार में समस्त बंदियों का कुष्ठ परीक्षण जिला कुष्ठ टीम द्वारा दिनांक 14 मई को शिविर का आयोजन कर कुष्ठ परीक्षण किया गया। जिला कुष्ठ टीम द्वारा कुष्ठ रोग एवं विकृत से बचाव की जानकारी दी, शरीर में फीके लाल रंग जो सुन्न हो , हाथ पैर में झुनझुनी, चेहरे पर तेलिया चमक, भौंहें का बाल झड़ना, शरीर के दाग में पसीना न आना, खुजली न होना ,नर्व में मोटापन कुष्ठ रोग के लक्षण हैं कुष्ठ रोग का उपचार सभी स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क उपलब्ध है 366 बंदियों का परीक्षण किया जिसमें 1 एमबी केश कन्फर्म हुआ है उनके साथ वालो को एसडीआर भी दिया गया है।

## कमिश्नर तथा आईजी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**सीधी।** जिले में आगामी 15 मई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सीधी तथा मझौली के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद तथा पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के लिए निर्माणाधीन हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक ने हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक



व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंच तथा हेलीपैड में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी सेक्टरों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सीय स्टॉफ उपस्थित रहे जिससे आवश्यकता पर त्वरित उपचार दिया जा सके। इस दौरान कमिश्नर ने पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से की गई आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मझौली आरपी त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक गायत्री तिवारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रोशनी ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर बीजेपी मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी पर भड़कीं मायावती, सख्त कार्रवाई की मांग

लखनऊ, एजेंसी। बीजेपी नेता और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने नाराजगी जताई है।



मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया साइट ऐक्स पर पोस्ट किया है। मायावती ने महिला सैन्य अधिकारी के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी पर केंद् सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग है। मायावती ने इसे अति-दुखद व शर्मनाक बताया है। मायावती ने बुधवार सुबह ऐक्स पर पोस्ट किया है। मायावती ने बीजेपी मंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने मंत्री पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित है, जो यह अति-दुखद व शर्मनाक है। इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वे भारतीय सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए नजर आए। इसके बाद से विपक्ष हमलावर है। इससे पहले कांग्रेस भी हमला बोला है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### कांग्रेस ने छीना मोर आवास मोर अधिकार- करीब 18 लाख घर बनाने का संकल्प पूरा हुआ: शिवराज सिंह चौहान



अंबिकापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आज राज्य में करीब 18 लाख आवास का संकल्प पूरा हो गया है। मैं यहां आकर प्रसन्न हूं और सभी को बधाई देता हूं। इसके साथ ही मामा शिवराज ने कांग्रेस पर हमला भी बोला। मामा ने कहा कि कांग्रेस ने मोर आवास मोर अधिकार को छीना है। मगर आज ऐतिहासिक दिन है, एक संकल्प था जो आज पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ की जनता का एक सपना पूरा हुआ है। सबको आवास। मोर आवास मोर अधिकार को कांग्रेस ने छीना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आवास बनाने का पैसा भेजा, लेकिन घर नहीं बना। मामा शिवराज ने आरोप लगाते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार की रुचि घर बनाने में थी ही नहीं। अपने हिस्से का पैसा भी नहीं दिया। इसलिए जिनके मकान आज से करीब आठ साल पहले बन जाने थे, वो लोग मकान से वंचित रहे। भाजपा ने उस समय आंदोलन किया कि अगर हमारी सरकार बनी तो पात्र हितकारियों के मकान बनाएंगे। हम जो कहते हैं वो करते हैं। मोदी जी हैं तो मुमकिन हैं। जो वचन छत्तीसगढ़ की जनता को दिया था, वो आज पूरा हुआ। लगभग 18 लाख आवास थे। इनमें वो मकान भी थे, जो सीएम आवास योजना से जुड़े थे। सरकार ने कह तो दिया था, लेकिन वो अधूरे पड़े थे। हमने आठ लाख से ज्यादा मकान छत्तीसगढ़ में पात्र हितकारियों के लिए राज्य सरकार को दिए थे। साढ़े तीन लाख के आसपास मकान फिर दिए। और अभी 2018 की सूची के तहत करीब 3 लाख के आसपास मकान बचे थे, आज उस सूची को भी संतृप्त कर दिया है।

### बच्चों को कला से क्यो रखा है दूर? राजस्थान हाईकोर्ट की राज्य सरकार को फटकार!

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कला शिक्षकों की भर्ती को लेकर राज्य सरकार को अंतिम चेतावनी दी है। कोर्ट ने दो टूक कहा है कि बच्चे देश का भविष्य हैं, और उन्हें चित्रकला-संगीत जैसी रचनात्मक शिक्षा से वंचित नहीं रखा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने इस मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए सरकार से कहा कि अब बहुत हो गया, अब और इंतजार नहीं किया जाएगा। यह टिप्पणी एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसे विमल शर्मा ने दायर किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश के करीब 70 हजार सरकारी स्कूलों में कला शिक्षा के लिए विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। स्थिति यह है कि गणित और विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षक ही बच्चों को संगीत और चित्रकला सिखा रहे हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत हर स्कूल में कला शिक्षा अनिवार्य है। इसके बावजूद सरकार अब तक न तो कोई ठोस योजना ला सकी है और न ही कला शिक्षकों की भर्ती के लिए कदम उठाए हैं।

# यूपी में बर्ड फ्लू से बाघिन की मौत के बाद हड़कंप, गोरखपुर-लखनऊ-कानपुर चिड़ियाघर बंद

लखनऊ, एजेंसी। शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में बर्ड फ्लू से बाघिन शक्ति की मौत के बाद हड़कंप मचा है। राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद मंगलवार को आरएमआरसी (रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर) की टीम ने चिड़ियाघर पहुंचकर 105 कर्मियों का सैंपल लिया। वहीं प्रशासन ने एहतिहातन आगामी 20 मई तक गोरखपुर चिड़ियाघर को बंद कर दिया है। संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पूरे चिड़ियाघर को सैनिटाइज किया गया है। कानपुर चिड़ियाघर 19 मई तक बंद रहेगा। बीमार शेर पटौदी को गोरखपुर इलाज के लिए कानपुर जू लाया गया है। इंफेक्शन फैलने के खतरे के मद्देनजर एहतियातन यह कदम उठाया गया है। वहीं लखनऊ चिड़ियाघर भी अगले एक हफ्ते के लिए बंद किया गया।



दुधवा टाइगर रिजर्व के मैलानी रेंज में रेलवे लाइन किनारे 10 मई, 2024 को मादा शावक घायल अवस्था में मिली थी। उस समय उसकी उम्र करीब 10 माह थी। चोट की वजह से वह ठीक से खड़ी नहीं हो पा रही थी। तभी इलाज के लिए उसे यहां चिड़ियाघर लाया गया था। ठीक होने के बाद उसे रेस्क्यू सेंटर में रखा गया। इसके बाद उसे बाड़े में छोड़ दिया गया। कुछ दिनों बाद अस्वस्थता की वजह से उसे दोबारा रेस्क्यू सेंटर में लाया गया। छह मई को उसने खाना और पीना छोड़ दिया। सात मई को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मल्टी आर्गन फेल्योर की बात सामने आई, लेकिन संक्रमण का पता नहीं चला। इस पर विसरा जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल भेजा गया, जहां जांच में मौत की वजह बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। इसके बाद से ही चिड़ियाघर को बंद कर दिया गया है। इस बीच उसके इलाज और देखभाल में लगे सभी कर्मियों को क्वारंटीन कर दिया गया। मंगलवार को आरएमआरसी की टीम ने चिड़ियाघर पहुंच कर 105 कर्मियों के सैंपल लिए। इन नमूनों की जांच रिपोर्ट बुधवार को आने की उम्मीद है। चार जानवरों की मौत से अफरातफरी चिड़ियाघर में हाल के दिनों में चार जानवरों की मौत से हड़कंप मचा है। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी अचानक 9 मई को चिड़ियाघर पहुंचकर हालात का जायजा ले चुके हैं। बीते दिनों में इन जानवरों की हुई मौत 30 मार्च को केसरी ने दम तोड़ा था। उसे पीलीभीत से लाया गया था। 07 मई को शक्ति की मौत हो गई। उसे मैलानी से लाया गया था। 09 मई को भेड़िया की मौत हो गई। आदमखोर भेड़िया को बहराइच से रेस्क्यू कर लाया गया था। पोस्टमार्टम में बहुअंग विफलता की रिपोर्ट थी। 10 मई को तेंदुआ मोना की मौत हो गई। मादा तेंदुआ कैंसर से जूझ रही थी।

**क्या बोले चिड़ियाघर निदेशक :** चिड़ियाघर निदेशक विकास यादव ने बताया कि बाघिन शक्ति की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि के बाद चिड़ियाघर के 105 कर्मियों और अधिकारियों के सैंपल आरएमआरसी की टीम ने लिए हैं। सभी को क्वारंटीन किया गया है। सभी बड़े वन्य जीवों की जांच भी जल्द होगी।

**पटौदी से संक्रमण का खतरा कानपुर जू एक हफ्ते बंद :** कानपुर चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू की आशंका के चलते अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार दोपहर अचानक सभी दर्शकों को बाहर कर दिया गया। 19 मई तक जू बंद रखने का फैसला हुआ है। गोरखपुर चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से बाघिन की मौत के बाद यह फैसला हुआ। कानपुर जू में गोरखपुर से बीमार शेर पटौदी को इलाज के लिए लाया गया है। अधिकारियों को डर है कि पटौदी में बर्ड फ्लू के लक्षण हुए तो संक्रमण फैल सकता है। मंगलवार दोपहर एक बजे लखनऊ से अचानक बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर फोन घनघनाया तो अफसर अलर्ट हो गए। आईवीआरआई बरेली के डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक शेर पटौदी को लिवर, पैंक्रियाज और बैक्टीरियाल इंफेक्शन है। उसका इलाज चल रहा है। ब्लड इंफेक्शन की जांच के लिए रिपोर्ट गई है। चिकित्सकों का कहना है कि रविवार से मंगलवार शाम तक पटौदी ने महज एक किलो मुर्गे का मांस खाया है।

## 300 से सीधे 2800 रुपए! हिमाचल में बिजली दरों पर जयराम ठाकुर का कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सिंचाई के लिए बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी को लेकर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है। जयराम ठाकुर ने इस कदम को मनमाना और अनुचित बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से बार-बार चेतावनी दिए जाने और किसानों के विरोध के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार कोई कार्रवाई करने में विफल रही। इसे उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। जयराम ठाकुर ने कहा, किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सिंचाई कनेक्शनों के लिए बिजली के बिल चौंकाने वाले हैं। इस मुद्दे को सरकार के संज्ञान में लाने के बावजूद, कोई सक्रिय प्रतिक्रिया नहीं हुई है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पहले उन्होंने बताया कि किसान 500 यूनिट बिजली की खपत के लिए 300 रुपए देते थे, लेकिन अब नई नीति के तहत उसी इस्तेमाल के लिए बिल बढ़कर करीब 2800 रुपए हो गया है। ठाकुर ने टैरिफ वृद्धि को देश के अन्नदाताओं पर हमला बताया और कहा कि यह अस्वीकार्य है। जयराम ने हमलावर होते हुए कहा कि देश के अन्नदाताओं के साथ इस तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी अनुचित है। सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और किसानों से इस तरह की वसूली बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसे मनमाने बिल से किसान कैसे निपटेंगे? यह देश के अन्नदाताओं पर थोपी गई अराजकता है। भारतीय जनता पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है और सरकार इस विरोध पर आंखें मूंद नहीं सकती। कांग्रेस सरकार के प्रचार-प्रसार के तरीकों पर कटाक्ष करते हुए ठाकुर ने कहा कि सरकार छोटी-छोटी उपलब्धियों का भी गर्व से प्रचार करती है, लेकिन सीधे जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर चुप रहना पसंद करती है। उन्होंने कहा, जब भी सरकार दूध के दाम 2 रुपये बढ़ाती है, तो वह राज्य के हर कोने...सड़कों, चौराहों, बसों...को पोस्टरों और होर्डिंग्स से भर देती है। लेकिन जब वह बिजली के बिलों में पांच से सात गुना वृद्धि करती है, तो वह चुप हो जाती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के चुनावी वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से पहले की उनकी प्रमुख गारंटियों में से एक 300 यूनिट मुफ्त बिजली देना था।

## पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के नए चेयरमैन नियुक्त, प्रीति सूदन की लेंगे जगह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी और पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने मंगलवार देर रात एक आधिकारिक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी। आदेश में कहा गया, राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हुई है। यह अनुच्छेद लोक सेवा आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित है। डॉ. अजय कुमार 1985 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उनकी यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति उसी दिन से प्रभावी होगी, जिस दिन वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। डॉ. अजय कुमार ने रक्षा मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्य किया है और अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम रक्षा सुधारों में भूमिका निभाई। अब वह यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित आयोग की कमान संभालेंगे, जो देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं का आयोजन करता है। अजय कुमार की नियुक्ति प्रीति सूदन के कार्यकाल की समाप्ति के बाद हुई है। पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को जुलाई 2024 में यूपीएससी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

# असम पंचायत चुनाव में भाजपा की शानदार जीत, 397 जिला परिषद सीटों में से 219 पर कब्जा

दिसपुर, एजेंसी। भाजपा ने मंगलवार को असम के पंचायत चुनावों में भारी जीत दर्ज की, जिसमें 397 जिला परिषद सीट में से 219 और 2192 आंचलिक पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में से 901 पर जीत दर्ज की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को आंचलिक पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में 901 सीटें मिलीं, जबकि उसके सहयोगी असम गण परिषद ने अब तक 147 सीटों पर जीत दर्ज की है। विपक्षी दल कांग्रेस ने 271 सीटें हासिल कीं, जबकि एआईयूडीएफ ने 33, रायजोर दल ने 8, तृणमूल कांग्रेस ने तीन, असम जातीय परिषद ने दो, आम आदमी पार्टी ने एक और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 117 सीटें जीतीं।

एएसईसी के आंकड़ों के अनुसार, जिला परिषद में भाजपा ने 219 सीटें जीतीं जबकि उसके सहयोगी असम गण परिषद ने 23 सीटें जीतीं। वहीं, कांग्रेस ने 37 सीटें जीतीं, जबकि एआईयूडीएफ को तीन, रायजोर दल को एक और निर्दलीयों को 10 सीटें मिलीं। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद पहली बार असम के 27 जिलों में दो और 7 मई को पंचायत चुनाव हुए। असम राज्य निर्वाचन आयोग के सीनियर अधिकारी ने बताया, 'मतगणना अब समाप्त हो गई है। फिलहाल हम परिणाम संकलित कर रहे हैं। हालांकि, दो जिलों से अंतिम आंकड़े अभी प्राप्त होने बाकी हैं।' बीजेपी की शानदार जीत पर क्या बोले पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में पंचायत चुनावों में भाजपा नीत राजग को समर्थन देने के लिए राज्य के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को बढ़ावा देने के प्रयास पूरे जोश के साथ जारी रहेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजग के विकास एजेंडे को स्पष्ट समर्थन देने के लिए असम के लोगों का आभार। असम के विकास को बढ़ावा देने के हमारे प्रयास पूरे जोश के साथ जारी रहेंगे। मैं राजग के सभी कार्यकर्ताओं की सराहना करना चाहता हूं, जिन्होंने लोगों के बीच जाकर काम किया और हमारे विकास एजेंडे को प्रभावी ढंग से उन तक पहुंचाया। असम पंचायत चुनाव में जीत की



शाह ने दी बधाई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में पंचायत चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मंगलवार को राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-केंद्रित नीतियों को हासिल समर्थन की पुष्टि है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि राजग ने जिला परिषद चुनावों में 76.22 फीसदी मतदान प्रतिशत के साथ 397 सीटों में से 300 सीटें जीतीं, जबकि आंचलिक पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन को 66 फीसदी वोट प्रतिशत के साथ 2,192 सीटें में से 1436 सीटें हासिल हुईं।

# विपक्ष उठा रहा सीजफायर पर सवाल, लेकिन कश्मीर से पीडीपी एवं एनसी ने किया समर्थन

कश्मीर, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच घोषित ताजा सीजफायर को लेकर जहां कांग्रेस सहित विपक्ष के कुछ दल सवाल उठा रहे हैं, वहीं मोदी सरकार को समर्थन भी मिला है। समर्थन की ये आवाजें कश्मीर घाटी से आ रही हैं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने इस फैसले को राजनीतिक समझदारी बताया है और विपक्ष से इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाने की अपील की है।



बीते वर्षों में भाजपा की कटु आलोचक रहीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह समय राजनीतिक आलोचना का नहीं है, एकजुटता दिखाने का है। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद देश एकजुट हुआ, वैसे ही अब शांति प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। उन्होंने टीवी स्टूडियो में बैठे आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जो लोग एयर-कंडीशंड कमरों में बैठकर युद्ध की बातें करते हैं, वे कभी सीमा पर रहने वाले परिवारों के दर्द को नहीं समझ सकते। यह समझ तभी आ सकती है जब आप खुद मौत और तबाही का सामना करें। वहीं, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी महबूबा का समर्थन किया। कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, जो लोग नोएडा और मुंबई में टीवी स्टूडियो में बैठकर युद्ध की बातें करते हैं, उन्हें जमीनी हकीकत नहीं पता। सीमा पर रहने वाले लोग सीजफायर चाहते हैं। यही उनकी सच्ची भावना है। यह एक अच्छा कदम है और इसे जारी रहना चाहिए। महबूबा बोलीं- पाकिस्तान से हो संवाद महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने यह दिखाया कि तनावपूर्ण समय में भी पाकिस्तान के साथ बातचीत की जा सकती है। इस दौरान देश की सुरक्षा या संप्रभुता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के बच्चे बदले का इंतजार नहीं कर रहे, वे शांति चाहते हैं। सच्चे उपचार की शुरुआत संवाद से होती है। हमें ऐसा भविष्य बनाना चाहिए जिसमें हमारे बच्चे डर के बिना जी सकें।

## एटा में नलकूप पर नहाने गए बच्चे को चाकुओं से गोदकर की हत्या, फोड़ दी आंखें

एटा , एजेंसी। यूपी के एटा में दिन दहाड़े हैवानियत देखने को मिली है। यहां 12 साल के एक बच्चे को चाकुओं से गोदकर मार डाला गया। दोस्तों के साथ खेत और फिर नलकूप पर नहाने गए बच्चे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बच्चे की आंखें तक फोड़ डाली गई हैं। हमलावर मुंह बांधकर आए थे। इस सनसनीखेज हत्याकांड से इलाके में दहशत फैल गई है। हत्या की खबर फैलते ही घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। एएसपी और जिला पुलिस के अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया है। हमले में मारे गए बच्चे का एक दोस्त भी घायल हुआ है। वह और बच्चे के दूसरे साथी ने किसी तरह भागकर घटना के बारे में परिवारवालों को बचाया। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड से एटा के मिरहची थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर और उसके आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। 12 साल के एक बच्चे की हत्या क्यों की गई? यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस अपनी जांच में जुटी है। एटा पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल के हालात और आसपास के इलाकों में पूछताछ करके वे हमलावरों का सुराग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत भी इक्ट्ठा किए हैं। अभी तक मिली जानकारी के



अनुसार थाना मिरहची क्षेत्र के गांव आलमपुर का रहने वाला अनुज (उम्र 12 साल) पुत्र सुनील कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ बुधवार की सुबह करीब आठ बजे खेत पर गया था। बच्चे खेत से होते हुए गांव किनारे लगे सरकारी नलकूप पर नहाने के लिए चले गए। आरोप है कि यहीं पर आए हत्यारोपियों ने बच्चों पर हमला कर दिया। चाकुओं से हमला होते देख बच्चे मौके से भागने लगे। इसी समय अनुज को दो लोगों ने पकड़ लिया। हमलावरों ने उस पर बेहरमी से चाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। अनुज का साथ अजीत भी चाकु लगने से घायल हो गया। अजीत और उनके तीसरे दोस्त ने वहां से भागकर घटना के बारे में परिवार के लोगों को बताया।

# कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया खारिज

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कथित मध्यस्थता को लेकर शुरू हुई राजनीतिक बहस ने नया मोड़ ले लिया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर अब इस बहस के केंद्र में आ गए हैं। पूर्व विदेश राज्य मंत्री और वर्तमान में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने पत्रकार करण थापर को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को खारिज करते हुए कहा कि यह दावा अविश्वसनीय है कि भारत ने अमेरिका से पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में मध्यस्थता करने को कहा। थरूर ने अपने अनुभव के आधार पर यह बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से संपर्क करता तो वह एक औपचारिक और स्पष्ट आग्रह होता। उन्होंने कहा, अगर एस जयशंकर अमेरिका से कहते कि कृपया पाकिस्तान को यह ए बी सी संदेश दें, तो उसे मध्यस्थता कहा जाता। लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता है कि अगर भारत ने ऐसा किया होगा। करण थापर के यह पूछने पर कि वह एक विपक्षी दल के नेता होने के बावजूद कैसे इतने निश्चित हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। उनके इस सवाल पर थरूर ने कहा,



यह मेरा अनुमान है। यह मेरे दशकों के अनुभव और भारतीय विदेश नीति को समझने की क्षमता पर आधारित है। इंटरव्यू के दौरान शशि थरूर ने कहा कि ट्रंप के ट्वीट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की चुप्पी का मतलब यह हो सकता है कि सरकार डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को निजी तौर पर आपत्ति जता रही है। आपको बता दें कि थरूर विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष भी हैं। जब शशि थरूर से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत को क्या मिला तो उन्होंने कहा इस ऑपरेशन को पूरी तरह से संयमित और जिम्मेदार तरीके से अंजाम दिया गया था। उन्होंने कहा, हमने पहले ही दिन स्पष्ट कर दिया था कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं है। अगर पाकिस्तान जवाब देगा तो हम भी जवाब देंगे। अगर वह चुप रहा, तो हम भी कोई अतिरिक्त कार्रवाई नहीं करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से हमें जो हासिल हुआ, वह यह है कि हमने 7 मई को एक बहुत ही स्पष्ट संकेत भेजा है। उन्होंने कहा, पूरे चार दिन नहीं। पहले दिन से ही हमारी कार्रवाई सोची-समझी और सटीक थी। हमने संकेत दिया कि हम अपनी धरती पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमने यह संदेश दिया है कि एक परिपक्व शक्ति के रूप में होते हुए हम अपनी प्रतिक्रिया सावधानी से करेंगे। हम टारगेट को निशाना बनाने में सक्षम थे। हमने लश्कर के परिसर में एक इमारत को तबाह किया। आम नागरिकों की क्षति को कम से कम किया गया।

उन्होंने कहा, हमने पंजाब के हृदय स्थल में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। हमने लोगों को बताया कि दस्ताने उतार दिए गए हैं। यह एक शक्तिशाली संदेश है और इसे भेजने की आवश्यकता थी और भेजा गया। शशि थरूर ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर को भारत की स्पष्ट और बदलती पाकिस्तान नीति के उदाहरण के रूप में गिनाया।

# बटलर, बेथेल, जैक्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल

## आरसीबी के खिलाफ खेलेंगे केकेआर के रसेल-नरेन ; यह मैच हारी तो बाहर होगी कोलकाता



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 17 मई से आईपीएल फिर शुरू होगा, टूर्नामेंट 3 जून तक चलेगा। ऐसे में कई विदेशी प्लेयर्स के नहीं खेलने की आशंका है। वहीं वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नरेन आरसीबी के खिलाफ केकेआर से खेलते नजर आएंगे। कोलकाता अगर यह मैच नहीं जीत सकी तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर 29 मई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच शुरू होने वाली वनडे सीरीज के कारण दोनों टीमों के प्लेयर्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल है। इससे आरसीबी-जीटी और मुंबई को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

कोलकाता के ज्यादातर विदेशी प्लेयर्स बेंगलुरु पहुंच जाएंगे। जहां टीम 17 मई को होम टीम आरसीबी से भिड़ेगी। केकेआर के लिए यह करो या मरो का मुकाबला है, अगर टीम हार गई तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर आरसीबी अगर जीत गई तो प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

**दुबई में थे वेस्टइंडीज के प्लेयर्स-** केकेआर में वेस्टइंडीज के 3 प्लेयर्स और 1 मेंटॉर हैं। चारों भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात के दौरान दुबई में। रसेल, नरेन, रोवमन पॉवेल और मेंटॉर ड्वेन ब्रावो बुधवार तक ही भारत आ जाएंगे। अफगानी विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज काबुल और अफ्रीकी पेसर एनरिक नॉर्त्या मालदीव में हैं। दोनों भी बुधवार तक बेंगलुरु पहुंच जाएंगे।

ऑलराउंडर मोईन अली इंग्लैंड और पेसर स्पेंसर जॉनसन ऑस्ट्रेलिया में हैं। दोनों के आने पर कोई कन्फर्मेशन नहीं मिली। विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के भारत आने की जानकारी भी नहीं मिल पाई। कोलकाता के भारतीय प्लेयर्स भी जल्द ही टीम से जुड़ जाएंगे। 10 मई को भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। टीम 18 मई को दिल्ली में होम टीम से भिड़ेगी। मुकाबले से पहले 14 मई को इंग्लैंड के जोस बटलर और साउथ अफ्रीका के जेराल्ड कूट्जी टीम से जुड़ गए।

गुजरात के बाकी विदेशी प्लेयर राशिद खान, शेरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत इस दौरान टीम के साथ भारत में ही थे। रदरफोर्ड और बटलर को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में अपनी-अपनी टीमों से वनडे सीरीज खेलनी है। ऐसे में तब्र अगर प्लेऑफ में पहुंची तो दोनों का खेल पाना मुश्किल हो सकता है।

**बेथेल और जैक्स का प्लेऑफ खेलना भी मुश्किल -** इंग्लैंड को 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 की सीरीज खेलनी है। इंग्लिश टीम में आरसीबी के जैकब बेथेल और मुंबई के विल जैक्स का नाम है। दोनों ही टीमें प्लेऑफ में पहुंचने की दावेदार भी हैं, ऐसे में दोनों इंग्लिश प्लेयर्स का प्लेऑफ के मैच खेल पाना मुश्किल लग रहा है। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से शुरू होगा।

# रबाडा-एनगिडी समेत 8 आईपीएल प्लेयर्स साउथ अफ्रीका लौटेंगे

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में शामिल होने के लिए बुलाया गया, 26 मई तक जाना होगा




**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में शामिल साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों को प्ले ऑफ शुरू होने से पहले ही लौटना पड़ सकता है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए टीम में शामिल खिलाड़ियों को 26 मई तक लौटने के लिए कहा है। इनमें गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, पंजाब किंग्स के मार्को यानसन, मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन, लखनऊ सुपर जायंट्स से एडेन मार्करम, दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स और सनराइजर्स हैदराबाद से व्यान मुल्डर शामिल हैं।

**11 जून को खेला जाना है डब्ल्यूटीसी फाइनल -** डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बोर्ड ने ऐसा फैसला इसलिए किया है, ताकि खिलाड़ियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वहीं सभी आठों खिलाड़ी टीम के साथ 30 मई डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए इंग्लैंड रवाना हो सकें। आईपीएल 2025 में साउथ अफ्रीका के कुल 20 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**गुजरात, बेंगलुरु, पंजाब और मुंबई को हो सकती है मुश्किल -** साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों के 26 मई को आईपीएल से लौटने से गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आईपीएल पॉइंट टेबल में टॉप में शामिल गुजरात टाइटंस के कागिसो रबाडा, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, तीसरे स्थान पर मौजूद टीम पंजाब किंग्स के मार्को यानसन और चौथे स्थान पर काबिज मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन शामिल हैं।

**आईपीएल फिर से 17 मई से शुरू हो रहा है -** आईपीएल 2025 17 मई से फिर शुरू हो रहा है। 6 वेन्यू पर लीग स्टेज के बचे हुए 13 मैच होंगे। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से खेला जाएगा, 3 जून को फाइनल होगा। पहले 25 मई को खेला जाना था। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था।

# लिविंगस्टन इंग्लैंड की वनडे और टी-20 टीम से बाहर

## हैरी ब्रूक की परमानेंट कप्तानी में पहली सीरीज, 29 मई को वेस्टइंडीज से भिड़ेंगे



**इंग्लैंड स्क्वॉड**

वनडे - हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, टॉम हार्टली, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, जो रूट और जैमी स्मिथ।

टी-20 - हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, लियम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट और ल्यूक वुड।

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू होने वाले व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड ने वनडे और टी-20 टीम का ऐलान कर दिया। लियम लिविंगस्टन को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। गुजरात टाइटंस से आईपीएल खेल रहे जोस बटलर भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं, ऐसे में उनका प्लेऑफ मैच खेल पाना मुश्किल है। हैरी ब्रूक को व्हाइट बॉल टीम का परमानेंट कप्तान बनाए जाने के बाद यह इंग्लैंड की पहली सीरीज है। फिल सॉल्ट को वनडे टीम में मौका नहीं मिला, वे 6 जून से टी-20 सीरीज खेलेंगे।

**लियम डॉसन और विल जैक्स की वापसी -** लेफ्ट आर्म स्पिनर लियम डॉसन को 2022 के बाद पहली बार टी-20 टीम में जगह मिली। फिल सॉल्ट की भी सबसे छोटे फॉर्मेट की टीम में वापसी हुई। विल जैक्स को दोनों स्क्वॉड में जगह मिली। जोफ्रा आर्चर वनडे सीरीज खेलेंगे, लेकिन इंजरी को ध्यान में रखते हुए उन्हें टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन बैडमिंटन से बाहर

- राजावत भी राउंड-1 में हारे, महिला वर्ग में आकर्षि, उन्नति अगले दौर में



**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत थाईलैंड ओपन के पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। वहीं, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गई हैं। बुधवार को सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे गेम में वापसी की, लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने 18-21, 21-9, 17-21 से हराया।

### राजावत भी तीन गेम में हारे

मेंस सिंगल्स कैटेगरी में प्रियांशु राजावत को भी पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। इस मुकाबले में प्रियांशु ने बड़े अंतर से गंवाया, लेकिन दूसरे गेम में शानदार कोर्ट कवरेज और दमदार खेल की बदौलत 21-17 की वापसी हासिल की। तीसरे गेम में प्रियांशु को 21-16 की पराजय झेलनी पड़ी।

### आकर्षि-उन्नति ने तीसरे गेम में जीते मुकाबले

विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में आकर्षि कश्यप ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। वहीं, उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गई।

# श्रीलंका में स्नेह राणा की सफलता का राज धीमी और फुल लेंथ गेंदबाजी

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्नेह राणा ने श्रीलंका में त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उनकी सफलता में गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी की अहम भूमिका रही। साल्वी ने पिच को काफी अच्छी तरह पढ़ा और स्नेह को कम गति से गेंदबाजी करने की सलाह दी जो उनके



काफी काम आई। बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर स्नेह गेंद की गति में विविधता लाई जो काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने श्रृंखला में 15 विकेट चटकाए और कई देशों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। स्नेह ने कहा, 'मैंने हमारे गेंदबाजी कोच अविष्कार सर से बात की। उन्होंने हमें बताया कि वहां किस तरह की गेंदबाजी कामयाब रहेगी। गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरह आ रही थी इसलिए हमें धीमी और फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी गई। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं, मुझे खुशी है कि मुझे इतने लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। इस जर्सी को दोबारा पहनकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। श्रीलंका में सपाट पिचें थी और एक मैच में तो 600 से अधिक रन बने लेकिन स्नेह ने अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। स्नेह ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट के नूशीन अल खादीर और न्यूजीलैंड की राशेल पुलर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2002 में 12 विकेट चटकाए थे।

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा । मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिए। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किए। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया।

महासंघ के एक सूत्र ने कहा, 'अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रूख पर निर्भर करता है। अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नयी टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा।

एक अधिकारी ने बताया, 'अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा। पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है। एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

# रियो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट रेसलर पर प्रॉस्टिट्युशन के आरोप

## कोलंबस पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया, 19 मई को कोर्ट में पेश होंगे




**कोलंबस (एजेंसी)।** रियो ओलिंपिक 2016 में गोल्ड जीतने वाले अमेरिकी रेसलर काइल स्नायडर को कोलंबस पुलिस ने प्रॉस्टिट्युशन के मामले में गिरफ्तार किया है। वे शुक्रवार रात को एक प्रॉस्टिट्युशन से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में फंसे थे। हालांकि, पूछताछ के बाद स्नाइडर को मौके से ही छोड़ दिया। अब उन्हें 19 मई 2025 को अदालत में पेश होना होगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 29 साल के स्नाइडर के अलावा, 15 अन्य लोगों को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग ने कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की।

**ऐसे पकड़ में आए स्नायडर -** पुलिस ने बताया कि हमने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे, ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें। जो प्रॉस्टिट्युशन जैसी गैरकानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात 8ः15 बजे के करीब स्नायडर ने इन विज्ञापनों पर दिए गए नंबर पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। रेसलर को लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कॉल के बाद वे पास के एक होटल पहुंचे। जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए। अधिकारी ने मौखिक रूप से यौन सेवा की मांग की।

# अर्शदीप सिंह का टेस्ट डैब्यू तय !

## इंग्लैंड में दिखाएंगे जलवा, शमी पर संदेह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आगामी रेड-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड के लिए उड़ान भर सकते हैं। भारत के इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शामिल है। यह 20 जून से शुरू होने वाली है और हाई-प्रोफाइल सीरीज 4 अगस्त को समाप्त होने वाली है। मुख्य सीरीज की शुरुआत से पहले, भारत ए को इंग्लैंड में दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। 26 वर्षीय अर्शदीप इंग्लैंड में होने वाली सीरीज़ के लिए चयनकर्ताओं के रडार पर हैं, और उन्हें टेस्ट टीम में चुना जाएगा।



अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का चयन संदिग्ध है और उनके चयन की 50/50 संभावना है, जबकि हर्षित राणा भारत ए टीम के साथ इंग्लैंड जाएंगे। बीसीसीआई विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को ही उप-कप्तान चुनेगी। बता दें कि मोहम्मद शमी का फॉर्म और फिटनेस एक बड़ी चिंता का विषय रहा है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग के चालू सत्र में वह गेंद के साथ बहुत खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत का इंग्लैंड दौरा 20 से 24 जून तक हेडिंग्ले, लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 2 से 6 जुलाई तक खेला जाएगा, तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 से 27 जुलाई तक चौथा टेस्ट खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

# मैक्सवेल से शादी क्यों नहीं की ? सवाल पर गुस्साई प्रीति जिंटा, बोली यह भेदभाव क्यों ?

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक इंटरेक्शन सेशन के दौरान, अभिनेत्री और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने एक यूजर के आपत्तिजनक सवाल पर कड़ा जवाब दिया। यूजर ने मजाक में पूछा कि क्या क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल के आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खराब प्रदर्शन का कारण यह था कि प्रीति ने उनसे शादी नहीं की। इस सवाल से नाराज प्रीति ने यूजर को लैंगिक भेदभाव बंद करने और सम्मान देने की सलाह दी। प्रीति ने एक्स पर लिखा-क्या आप यह सवाल पुरुष टीम मालिकों से पूछेंगे, या यह भेदभाव सिर्फ महिलाओं के लिए है? क्रिकेट में आने से पहले मुझे नहीं पता था कि कॉर्पोरेट जगत में महिलाओं के लिए जीवित रहना कितना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा, आपने यह सवाल मजाक में पूछा होगा, लेकिन उम्मीद है कि आप इसे गंभीरता से देखेंगे। मैंने 18 साल की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है, कृपया मुझे वह सम्मान दें और लैंगिक पक्षपात बंद करें। धन्यवाद। पंजाब किंग्स -प्रीति जिंटा की सह-स्वामित्व वाली आईपीएल टीम, वर्तमान में आईपीएल 2025 की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।



# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टेड्ड सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक के दौरान विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राहीमूलक गतिविधियों के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दो दिवस में गत अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही वर्तमान स्थिति में डी श्रेणी वाले विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्य कर 15 मई तक निम्न श्रेणी से बाहर आने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अमानगंज सीएमओ राममिलन तिवारी को मैपिंग में सुधार तथा अधिक संख्या में लंबित शिकायतों वाले विभाग प्रमुखों को जवाबदेही के साथ शिकायत निराकृत करने के लिए कहा। इसके अलावा तीन श्रेणियों में प्रति दिवस जिले की रैंकिंग में सुधार के दृष्टिगत भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को पाबंद कर प्रतिदिन सीएचओ वाइज लिस्ट अनुसार लक्ष्य के विरूद्ध कार्ड बनाने का कार्य पूरा करें। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक को कृत्रिम गर्भाधान और केसीसी प्रकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के क्षेत्र संयोजक को विभागीय कार्यों में सहूलियत के दृष्टिगत आवश्यकता मुताबिक छात्रावास अधीक्षकों का सहयोग प्राप्त करने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी को गत शैक्षणिक सत्र की छात्रवृत्ति के समस्त प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिव एवं रोजगार सहायक तथा वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी तथा लक्ष्य आधारित विकास योजनाओं में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर वांछित कार्यवाही के लिए राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, उप संचालक पशुपालन और सहायक संचालक उद्यानिकी को दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में अति व मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण व उपचार की सतत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों को इसके लिए सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत भी इनके फॉलोअप की समुचित व्यवस्था हो। टीएल बैठक में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए शेष विभागों द्वारा तत्काल ऑनबोर्ड होने तथा जिन विभागों में वांछित कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, वहां तत्काल ई-ऑफिस पर फाइल मूवमेन्ट शुरू कराने के लिए कहा। अब तक 11 विभाग एवं शाखाओं क्रमश: कलेक्टर कार्यालय, अधीक्षक भू-अभिलेख, ई-गवर्नेंस, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोषालय, महिला एवं बाल विकास, लोक सेवा प्रबंधन, श्रम, आर्थिक योजना एवं सांख्यिकी तथा तकनीकी शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने कहा कि विभाग द्वारा ई ऑफिस पर ऑनबोर्ड होने के उपरांत हार्ड कॉपी का आदान प्रदान बंद होगा। उन्होंने किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के अविलंब निराकरण के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिए योजना तैयार करने, श्री जुगल किशोर लोक निर्माण के लिए ठेकेदार को हैण्डओवर कार्यवाही, नेशनल हाईवे पर डिवाईडर निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने, नगर पालिका पन्ना के नवीन भवन के लिए भूमि चिन्हांकन, पहाड़कोठी पर अटल नगर वन के निर्माण के लिए पूर्व निर्मित सीसी रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए संशोधित प्रस्ताव तैयार करने, थोक सब्जी मंडी के लिए स्थल आवंटन इत्यादि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा आगामी 31 मई तक चना, मसर एवं सरसों की खरीदी के लिए निर्धारित 17 केन्द्रों पर बारदाना एवं मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उपार्जित स्कंध के परिवहन पर भी चर्चा की गई। केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पन्ना नेशनल पार्क को प्रभावित वन भूमि के बदले अमानगंज के निकट उड़ला गांव में आवंटित तीन सर्वे नम्बर की राजस्व भूमि से पक्के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि आगामी 29 मई को छत्रसाल जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर नगर के पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउण्ड में पन्ना नगर के तीसरे गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के सम्मेलन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन के दृष्टिगत तथा संस्कृति विभाग के कैलेन्डर में महाशिवरात्रि एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की भांति छत्रसाल जयंती को भी शामिल कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**पन्ना।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 13 मई को 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। घोषित परिणाम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के परिणाम में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आभास गुप्ता प्रथम, 89 प्रतिशत अंक के साथ छात्रा तक्ष अवस्थी द्वितीय तथा 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पावनी रावत एवं कृति गोस्वामी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।

इसी तरह कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में आराध्य गुप्ता ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, भूमिका पटेल ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा निशी गोस्वामी ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में भाविका भगत ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, वंशिका जैन एवं साक्षी जैन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा रिषिका ललवानी ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही शिक्षकों के प्रयास की भी सराहना की।

## दबंग द्वारा जेसीबी मशीन से शासकीय सड़क को खोदकर कर खेत में मिलाया

### ग्रामवासियों का निकलना हुआ मुश्किल



**पन्ना।** पन्ना जिले में दबंगों द्वारा मनमानी की जा रही है एवं सड़कों को जबरदस्ती ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन से खोदकर कर अपने खेतों में मिलाया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों का निकलना मुश्किल हो रहा है तथा आम रास्ता बंद हो गई है इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जिजगाव का सामने आया है ग्राम पंचायत के ग्राम इटोरा में 13 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना से जीएसबी मिट्टी मोरम गिट्टी की सड़क बनाई गई थी उक्त सड़क पर वर्ष 2012-13 में 4 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई थी तथा इस सड़क से इटोरा ग्राम के लोग मुख्य सड़क बिल्हा अमानगंज जाते थे लेकिन कुछ दिनों पूर्व उक्त सड़क को ग्राम के ही दबंग मुन्ना राजा ने जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर से सड़क को खोद दिया एवं भारी-भारी गड्ढे कर दिए गए जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों द्वाराउक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पन्ना पहुंचकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया है कलेक्टर ने एसडीम गुनौर से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं आवेदन देने वालों में कमलेश शर्मा बृजपाल सिंह सुरेंद्र मनोज विनोद सत्येंद्र सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## अदिति गुप्ता का सुयश, स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**पन्ना।** सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित किए गए जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया है इसी प्रकार डी ए बी स्कूल हिनौता में अध्यनरत छात्र कुमारी अदिति गुप्ता ने 90% अंक प्राप्त किए हैं तथा विद्यालय में उनको तीसरा स्थान मिला है कुमारी अदिति गुप्ता पन्ना नगर के सफल व्यवसाय सामाजिक कार्यकर्ता तथा वैश्य महासम्मेलन संगठन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता केसरवानी की पुत्री है उनकी उक्त सफलता पर परिवारजनों ईस्ट मित्रों शुभचितकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में युवा कर सकते हैं नामांकन

**पन्ना।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं को माय भारत, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय रूप से नामांकन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की मदद कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत, समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और महती आवश्यकता है।

नेहरू युवा केन्द्र पन्ना के मो. हारून ने बताया कि नागरिक रक्षा स्वयंसेवक स्थानीय अधिकारियों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से समर्थन देकर इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना इत्यादि शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील की गई है कि वे आगे आएं और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें।

## सिविल डिफेंस वालेंटियर मुस्तैद रहकर सक्षमता से करें दायित्वों का निर्वहन: कलेक्टर




**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी किसी भी आकस्मिक आपदा एवं घटना में नागरिक सुरक्षा के लिए मंगलवार से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने स्थानीय टाउन हॉल में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया और सभी सिविल डिफेंस वालेंटियर्स से मुस्तैद रहकर सक्षमता के साथ सामाजिक व देश हित में अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए पंजीयन कराने वाले वालेंटियर्स की सराहना कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा पर जनता की सहायता के लिए 12 प्रकार की सेवाओं में तैनाती के लिए सदैव तैयार रहें। किसी भी आपदा राहत कार्य में वालेंटियर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आम नागरिकों की मदद के लिए इस नि:स्वार्थ सेवा का निर्वहन सामाजिक सरोकार निभाने में भी अहम भूमिका निभाता है। किसी भी आपदा में स्थानीय प्रशासन और एनसीसी, एनएसएस एवं पुलिस की सहायता से स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर जोश व जुनून के साथ जनहित में सेवा देने की अपेक्षा की। इस दौरान बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आग्रह भी किया गया। जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय ने वालेंटियर्स को नागरिक सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि देश में 28 मई 1968 से नागरिक सुरक्षा अधिनियम प्रभावी है। शिक्षित व सजग एवं साहस के साथ धैर्यवान रहकर किसी भी आपदा में वालेंटियर्स अलग-अलग सेवाओं के माध्यम से नागरिक सुरक्षा के उपाय करते हैं। इस कार्य से देश के लिए कुछ करने और सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। प्लाटून कमाण्डर सत्यपाल जैन ने प्रशिक्षण के दौरान राहत व बचाव कार्य के संबंध में आवश्यक बारीकियों से अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भी मानव जीवन रक्षा के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

## सावधान! नगर निगम का नि:शुल्क प्याऊ राहगीरों को पिला रहा गंदा पानी, सेवा की खुली पोल

**सतना।** नगर निगम द्वारा 19 अप्रेल को शहर के 20 स्थानों पर निऱ्शुल्क प्याऊ की व्यवस्था शुरू की गई थी। उद्घाटन के समय महापौर योगेश ताम्रकार और स्पीकर राजेश चतुर्वेदी के पोस्टर और पंपलेट लगाए गए थे। कुछ ही दिनों में यह व्यवस्था बिगडने लगी है। सोमवार शाम पत्रिका टीम ने जिला अस्पताल, नजीराबाद और कोठी तिराहा क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां प्याऊ बंद मिले। सिटी कोतवाली चौक का प्याऊ खुला था, लेकिन उसमें गंदा पानी था और पानी में मच्छर तैरते नजर आए।

निगम कार्यालय व कचेहरी परिसर में एक-एक और बस स्टैंड में दो बड़े प्याऊ खोले गए हैं। संतोषी माता चौक, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, धवारी चौक, कलेक्ट्रेट परिसर, सिटी कोतवाली चौक, जय स्तंभ चौक, कोठी तिराहा, नजीराबाद बस स्टैंड, टिकुरिया टोला पानी की टंकी,



विश्वासराव सब्जी मंडी, पन्नीलाल चौक, गल्लामंडी, जगतदेव तालाब के सामने, डिग्री कॉलेज गहरानाला, नगर निगम कार्यालय में प्याऊ संचालित है।

कोलगवां स्थित फिल्टर प्लांट से सुबह पानी का टैंकर लोड होकर रवाना होता है। वह क्रमश 20 जगहों में संचालित प्याऊ में रखे मटकों में पानी भरता है। इसके बाद संबंधित प्याऊ में निगम द्वारा तैनात श्रमिक दिनभर पानी पिलाते हैं। रहवासियों का आरोप है कि पोस्टर व पंपलेट लगाकर फोटो तो इक्षखचवा ली जाती है, पर रोजाना व्यवस्था कौन बनाएं राम जाने।

### कार्यवाही करेंगे

यदि किसी भी प्याऊ में गंदा पानी पिलाया जा रहा है, तो संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

**योगेश ताम्रकार, महापौर**

शहर के 20 सार्वजनिक स्थानों पर निऱ्शुल्क प्याऊ संचालित है। गंदा पानी पिलाने के संबंध में जानकारी आपसे मिली है। अगले दिन चेक कराया जाएगा।

**शेर सिंह मीना, निगमायुक्त**

## सुरक्षा जवान के 500 पद पर होगी भर्ती

### 15 से 23 मई तक भर्ती शिविर का आयोजन

**पन्ना।** जिला रोजगार कार्यालय पन्ना के तत्वाधान में हैदराबाद की एजिल सिक्योरिटी फोर्स टेऊनिंग एकेडमी द्वारा 15 से 23 मई तक जिले के सात स्थानों पर सुरक्षा जवान, सुपरवाईजर, एनसीओ एवं हाउस कीपिंग स्टॉफ के पदों पर भर्ती के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। भर्ती शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान सुरक्षा जवान के 500 पद पर तथा सुपरवाईजर के 40, एनसीओ के 15 तथा हाउस कीपिंग स्टॉफ के 100 पदों पर भर्ती के लिए इच्छुकजन शिविर में शामिल हो सकते हैं।

15 मई को शासकीय आईटीआई पन्ना, 16 मई को शासकीय आईटीआई गुनौर तथा 19 मई को शासकीय आईटीआई मोहन्द्रा में भर्ती शिविर लगाया जाएगा। इसी क्रम में 20 मई को नगर परिषद देवेन्द्रनगर, 21 मई को नगर परिषद अमानगंज, 22 मई को नगर परिषद अजयगढ़ तथा 23 मई को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें पद अनुसार कक्षा 8वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं 18 से 37 वर्ष आयु वर्ग के आवेदक शामिल हो सकते हैं। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9981808847 तथा 9174995167 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नगर में अवैध रूप से चल रहा दिल्ली सोनोग्राफी सेंटर



**पन्ना।** पन्ना नगर में अनेक सोनोग्राफी सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं तथा आम लोगों को लूटने में लगे हुए हैं जिसमें शासकीय अस्पताल का भी बहुत बड़ा हाथ है क्योंकि जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी उपलब्ध है लेकिन सोनोग्राफी को चलाने वाला टेक्नीशियन नहीं मिल रहा है पूर्व में जो डॉक्टर बागड़ी पन्ना में हफ्ता में एक दिन सोनोग्राफी चलाते थे उन्होंने खुद का सोनोग्राफी सेंटर खोल लिया है तथा ?900 से लेकर 3000 तक की राशि ले रहे हैं इसी प्रकार दिल्ली सोनोग्राफी सेंटर का संचालन अवैध रूप से हो रहा है रेडियोलॉजिस्ट सोनोलॉजिस्ट डिग्री वाला सोनोग्राफी का संचालन करता है लेकिन डॉक्टर खान के पास इस प्रकार की कोई डिग्री नहीं उसके बाद सोनोग्राफी का संचालन किया जा रहा है रहा है।

## नागरिक सुरक्षा के संबंध में हुई बैठक, कार्ययोजना बनाने एवं वालंटियर्स के प्रशिक्षण के दिए निर्देश

**पन्ना।** देश की वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर एवं शासन से जारी निर्देशों के परिपालन में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में नागरिक सुरक्षा से संबंधित आवश्यक तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा के संबंध में बैठक हुई। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में स्थानीय स्तर पर विभिन्न विभागों के समन्वय से आवश्यक तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि जिले में किसी भी संभावित आकस्मिक घटना पर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। असामाजिक तत्वों के क्रियाकलाप तथा महत्वपूर्ण भवनों एवं परिसर के बचाव के लिए भी निगरानी की जाना है। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि युद्ध की स्थिति के अतिरिक्त शांतिकाल में भी नागरिक सुरक्षा के उपाय और प्रयास जरूरी हैं। वर्तमान में इस दायित्व का निर्वहन विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयासों से किया जाना आवश्यक है। इसलिए संबंधित विभागों द्वारा किसी भी घटना से बचाव का प्लान तैयार किया जाए। जिले की आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के मूल स्वरूप में ही कुछ परिवर्तन कर आकस्मिक घटना की चुनौतियों से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा के उपाय किए जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान राहत एवं बचाव कार्य के लिए 12 प्रकार की टीम गठित होगी। संभावित घटना के पूर्व राज्य स्तर से येलो अलर्ट जारी होगा। साथ ही



दुर्घटना घटित होने के बाद लो एवं हाई फ्रीक्वेंसी पर दो मिनिट के लिए रेड अलर्ट जारी होने का सायरन बजेगा। स्थिति सामान्य होने का संकेत एक समान आवाज से बजने वाले ग्रीन सिग्नल अलर्ट के सायरन से मिलेगा। बैठक में रात्रि में संभावित आपातकालीन स्थिति में ब्लैकआउट कार्यवाही की जानकारी भी दी गई। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में जिला स्तर पर वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कराने के निर्देश भी दिए। विकासखंड स्तर पर भी 14 मई से वालेंटियर का प्रशिक्षण शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से न्यूनतम दो-दो और नगरीय क्षेत्र के वार्डों से 2 से 5 वालेंटियर की नियुक्ति की जा सकेगी। उन्होंने किसी भी संभावित आपदा के पूर्व प्रमाणित सूचना व संकेतकों की पहचान को जरूरी बताया। साथ ही कहा कि इसके लिए प्रथमत: सभी एसडीएम व थाना प्रभारी समन्वय कर आवश्यकता मुताबिक डीजे का चिन्हांकन भी कर लें। साथ ही कंट्रोल रूम का गठन कर कर्मचारी भी तैनात करें। उन्होंने भारत सरकार द्वारा वालेंटियर पंजीयन के लिए विकसित होने वाले पोर्टल की जानकारी देते हुए कम्युनिकेशन प्लान को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। साथ ही महत्वपूर्ण फोन नंबर की उपलब्धता सहित स्कूल एवं अन्य शासकीय विभागों के बड़े भवनों को आश्रय स्थल के रूम में विकसित करने के लिए तत्काल इनका चिन्हांकन कर राहत शाखा में जानकारी भेजने के लिए कहा। कलेक्टर ने एनएमडीसी, जेके सीमेंट और नगरीय क्षेत्रों के वाटर ट्रीटमेंट प्लान जैसे संवेदनशील स्थानों की मैपिंग कर समस्त सुरक्षा वाहनों को अलर्ट मोड में रखने तथा मॉकड्रिल व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अवांछित ड्रोन फ्लाई न हो। किसी भी आपात स्थिति की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करें। इस दौरान निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित कर सुरक्षा की दृष्टि से एक्सप्लोसिव स्टोर एवं शस्त्रागार के निरीक्षण, घर में बचाव की तैयारी के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने गत दिवस जारी तीन प्रतिबंधात्मक आदेशों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर हमेशा सजग रहें। पुलिस अधीक्षक ने नागरिक सुरक्षा के संबंध में वालेंटियर्स की भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काउ संदेश पर ध्यान न दें एवं न ही इनका प्रेषण करें। इन्हें हतोत्साहित कर साइबर क्राइम की घटना से भी अलर्ट रहें। इसके अलावा जिम्मेदार नागरिक बनकर अवांछित मैसेज एवं लिंक पर भी प्रतिक्रिया न दें।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरुवार 15 मई 2025 | 8


प्रदेश भर में आदिगुरू शंकराचार्य की जयंती के संदर्भ में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में रीवा में जिला पंचायत सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया।



## मुख्यमंत्री आज जिले को देंगे 50.73 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

### मुख्यमंत्री डॉ यादव आज दिव्यगवां में कालेज भवन का करेंगे लोकार्पण



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से सुबह 11.05 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 11.25 बजे जवा तहसील के दिव्यगवां पहुंचेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव 47 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपए के 5 कार्यों का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 75 लाख 29 हजार रुपए के दो कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दिव्यगवां में रीवा जिले को 50 करोड़ 73 लाख 79 हजार रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपए की लागत से बनाए गए शासकीय भगवान बिरसा मुण्डा महाविद्यालय भवन दिव्यगवां का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 93 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनाए गए भगवान बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन तथा विधानसभा क्षेत्र मनगवां में राष्ट्रीय राजमार्ग से तिवनी जंक्शन पर बनाए गए सिक्स लेन ओवर ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इसकी लागत 14 करोड़ 85 लाख रुपए है। समारोह में 18 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनाए गए सिरमौर-क्योटी नवीन सड़क तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए 501 खेत तालाबों का लोकार्पण करेंगे। इनकी लागत 7 करोड़ 50 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री डॉ यादव दो निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ 39 लाख 29 हजार रुपए की लागत के हाईस्कूल भवन अतरैला तथा एक करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे एसडीएम कार्यालय जवा का निर्माण कार्य शामिल है।

## मुख्यमंत्री के दौरे के लिए कलेक्टर ने तैनात किए अधिकारी

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 मई को रीवा जिले के जवा तहसील के दिव्यगवां में शासकीय कालेज भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे तथा विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री के दौरे में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट रीवा, हेलीपैड दिव्यगवां, लोकार्पण स्थल तथा आमसभा स्थल पर अधिकारी तैनात किए हैं। आयुक्त नगर निगम को हेलीपैड में अग्निशमन सेवा, सभा स्थल में साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को कार्यक्रम में शामिल होने वाले आमजनों के बैठने, पेयजल आदि की जिम्मेदारी दी गई है।






## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात

**रीवा।** पंचायत राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात किए हैं। जनपद पंचायत रीवा के लिए एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा श्रीमती पूनम दुबे को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत गंगेव के लिए एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव श्रीमती प्राची चौबे को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर के लिए एसडीएम त्योंथर संजय कुमार जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर प्रवीण बसोड़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है।

## आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 15 मई को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में डी एण्ड एच सेचेरॉन इलेक्ट्रोडस प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा आईटीआई अथवा डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ऑपरेटर के पद हेतु इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीआई के फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, बेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिप्लोमा पास प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं।

## बाल भवन में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में बाल भवन रीवा मे नालसा बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना एवं नालसा वाणिज्यिक एवं दुर्व्यवहार से पीड़ितो हेतु एवं नशा उन्मूलन हेतु विधिक सेवा योजना के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड ने नशे के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को ही नहीं बल्कि उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। यह सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज से भी अलग-थलग कर देता है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा अक्सर अपराध की ओर ले जाता है। इसलिए यदि हम एक स्वस्थ शरीर, मजबूत समाज और उज्जवल भविष्य की कल्पना करते हैं, तो नशे से दूर रहना ही सबसे बुद्धिमानी है। उन्होंने यह भी बताया कि नशा और अपराध के बीच गहरा संबंध है, और इससे दूर रहकर ही हम एक सुरक्षित और सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री समीर कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में किशोर न्याय बोर्ड और पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड का उद्देश्य बच्चों द्वारा की गई किसी भी विधि विरुद्ध गतिविधि के मामलों को न्यायसंगत और सहानुभूतिपूर्वक तरीके से सुलझाना होता है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संशोधित प्रावधान आज से होंगे लागू

**रीवा।** शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना से हजारों गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर योजना के प्रावधानों में कई संशोधन किए गए हैं। योजना के नवीन प्रावधान 15 मई से लागू हो जाएंगे। इस संबंध में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि नए प्रावधानों के तहत सामूहिक विवाह समारोह में कम से कम 11 तथा अधिकतम 200 युगलों का विवाह संपन्न होगा। योजना के तहत कुल 55 हजार रुपए की राशि प्रत्येक कन्या के विवाह के लिए दी जाएगी। इसमें से 49 हजार रुपए की राशि सीधे वधू के बैंक खाते में ऑनलाइन जारी की जाएगी।

## प्रदेश के बाहर रह रहे हितग्राही ऐप और पीओएस मशीन से कर सकते हैं ई केवाईसी

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उचित मूल्य दुकानों में पीओएस मशीन से हितग्राहियों का सत्यापन एवं आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के बाहर रह रहे हितग्राही मोबाइल ऐप और पीओएस मशीन से स्वयं ई केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 15 मई 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि प्रदेश के बाहर रह रहे मध्यप्रदेश के हितग्राही पीओएस मशीन पर आईएमपीडीएस के विकल्प पर जाकर ई केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। हितग्राहियों को मेरा ई केवाईसी मोबाइल एप के माध्यम से भी अपडेशन की सुविधा दी गई है। इसे अपने पंजीकृत मोबाइल फोन पर डाउनलोड करके वृद्ध हितग्राही अथवा अवयस्क हितग्राही का ई केवाईसी दर्ज किया जा सकता है। साथ ही राशन कार्ड में दर्ज कोई भी हितग्राही निर्धारित विवरण दर्ज करके ई केवाईसी करा सकता है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। मोबाइल लोकेशन अनिवार्य रूप से चालू रहने पर ही यह ऐप कार्य करता है। जिस मोबाइल नम्बर पर हितग्राही का आधार नम्बर लिंक है वह मोबाइल नम्बर चालू रखने पर ही फेस ई केवाईसी किया जा सकता है। इस ऐप का उपयोग करने के लिए प्रदेश के किसी भी जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर रहना आवश्यक है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833